कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महिलास्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)
Web site – www.govtkdmcollegerjn.com ☎ **Phone No. – 07744-225171**
Email –kamlacollege.rjn@gmail.com 🖷 **Fax No. – 07744-225171**

राजनांदगांव, दिनांक ....

प्रति,

सम्पादक / ब्यूरो चीफ

....

दैनिक समाचार पत्र, राजनांदगांव

/ / प्रेस विज्ञप्ति / /

// CSP डॉ.प्रशांत शुक्ला ने ली छात्राओं की क्लास //

शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के वाणिज्य विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ.(श्रीमती) सुमन सिंह बघेल के निर्देशन में छात्राओं को आत्मसम्मान व आत्मरक्षा के संबंध जागरूक करने हेतु कानून में किए गए प्रावधानों एवं प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए राजनांदगांव CSP डॉ.प्रशांत शुक्ला को आमंत्रित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.(श्रीमती) सुमन सिंह बघेल द्वारा की गई । कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापकगण एवं छात्राएं सम्मिलित हुई । राजनांदगांव CSP डॉ.प्रशांत शुक्ला ने छात्राओं को उनकी सुरक्षा से संबंधित बहुत सी धाराओं के साथ–साथ प्रक्रिया से अवगत कराया गया, साथ ही छात्राओं को उन्होंने कुछ हेल्प लाईन नम्बर भी बताएं ताकि वे विपरीत परिस्थितियों म उसका प्रयोग कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकें । उन्होंने छात्राओं को महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत महिला संरक्षण अधिकारी एवं निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने संबंधी जानकारी भी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया वे अन्याय सहने के बदले उसका विरोध करें ताकि भविष्य में किसी अप्रिय स्थिति से बचा जा सकें। छात्राओं के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उनके द्वारा बहुत ही सरलता के साथ समाधान किया गया । कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष वाणिज्य डॉ.लाली शर्मा द्वारा किया गया ।

विभागाध्यक्ष
शास.कमलादेवी राठी महिला स्नात. महा.
राजनांदगांव (छ.ग.)

डॉ.(श्रीमती) सुमन सिंह बघेल
प्राचार्य
शास कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महा.
राजनांदगांव (छ.ग.)